**कार्यालय पुलिस अधीक्षक जनपद चन्दौली**

**प्रेस विज्ञप्ति दिनाँक-10.08.2026**

**थाना: चन्दौली, जनपद चन्दौली**

**🔰 थाना चन्दौली पुलिस व साइबर टीम द्वारा ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी में लिप्त 03 अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।**

**🔰 साइबर अपराध में संलिप्त 03 अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार।**

**🔰 गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से 03 पासबुक, 03 कूटरचित आधार कार्ड व 01 VIVO कम्पनी स्मार्टफोन किया गया बरामद** ।

**घटना का संक्षिप्त विवरण-**

पूर्व में साइबर सेल, जनपद चन्दौली की जांच आख्या के अनुसार, बैंक ऑफ इंडिया के खाता संख्या 690810110008947 (IFSC: BKID0006908), (जो अभियुक्त पवन कुमार पुत्र सीताराम के नाम पर संचालित है) का उपयोग साइबर अपराध से अर्जित धनराशि प्राप्त करने एवं स्थानांतरित करने हेतु किया जा रहा था। राष्ट्रीय साइबर अपराध पोर्टल (Cyber Portal) एवं उपलब्ध अभिलेखों के परीक्षण से पता चला कि इस बैंक खाते का इस्तेमाल विभिन्न राज्यों में हुई ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी (Online Financial Fraud) की शिकायतों/घटनाओं में किया गया:

1. शिकायत 1 (Acknowledgement No. 308042400104033): राज्य दिल्ली, जनपद North West, Cyber Police Station North West।

2. शिकायत 2 (Acknowledgement No. 31104240057344): राज्य गुजरात, जनपद Ahmedabad City, थाना Naranpura।

3. शिकायत 3 (Acknowledgement No. 31904240057545): राज्य महाराष्ट्र, जनपद Wardha, थाना Seloo।

उक्त बैंक खाते में साइबर धोखाधड़ी की अवैध धनराशि प्राप्त होने के संबंध में खाताधारक द्वारा पूछताछ के दौरान कोई संतोषजनक या विश्वसनीय स्पष्टीकरण प्रस्तुत नहीं किया गया। साइबर सेल की जांच रिपोर्ट एवं लिखित सूचना के आधार पर थाना चन्दौली पर मु0अ0सं0- 0409/2026, धारा 318(4) बी.एन.एस. (BNS) एवं धारा 66D आई.टी. एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया।

उच्चाधिकारीगण के कुशल निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक चन्दौली के नेतृत्व में साइबर अपराध एवं म्यूल (Mule) खातों से संबंधित संदिग्धों की तलाश में निकली पुलिस व साइबर टीम द्वारा दिनांक 10.08.2026 को समय 00:17 बजे मझवार रेलवे स्टेशन के पास से 03 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान व बरामदगी-</u>**

1- पवन कुमार पुत्र सीताराम निवासी ग्राम धुन्न थाना शहाबगंज जनपद चन्दौली उम्र 21 वर्ष के रूप में हुई। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 01 आधार कार्ड तथा 01 मुकदमे से सम्बन्धित पासबुक बैंक ऑफ इंडिया बरामद हुई,जिस पर खाता संख्या 690810110008947, खाताधारक का नाम पवन कुमार पुत्र सीताराम निवासी ग्राम धुन्नू,शहाबगंज, चन्दौली अंकित है। उक्त बैंक खाते को NCRP पोर्टल पर मोबाइल /खाता विवरण के माध्यम से चेक किया गया तो उक्त खाते से सम्बन्धित कुल 03 ऑनलाइन साइबर फ्रॉड की शिकायतें पंजीकृत पाई गईं। शिकायतों के माध्यम से ज्ञात हुआ कि उक्त खाते में ₹5,860, ₹2,000,₹2,580, ₹1,290, ₹2,000 तथा ₹1,250, ₹5,150, ₹1,250 तथा ₹1,050 ट्रांसफर होना अंकित है। बरामद आधार कार्ड का अवलोकन किया गया तो उस पर नाम राकेश कुमार (Rakesh Kumar),जन्मतिथि 02/08/2002, पुरुष, पुत्र जयराम, ग्राम व पोस्ट आलमपुर, उत्तर प्रदेश-232108 तथा आधार संख्या 6089 XXXX 8835 अंकित है। उक्त आधार कार्ड पर पवन कुमार उपरोक्त की फोटो लगी हुई है परन्तु नाम राकेश कुमार अंकित है।

2- दूसरे अभियुक्त की पहचान राजेश उर्फ पखण्डू पुत्र स्व. राम अवध निवासी बढ़वल खास थाना सकलडीहा जनपद चन्दौली के रूप मे हुई तथा उसके कब्जे से 01 आधार कार्ड तथा 01 पासबुक केनरा बैंक बरामद हुई, जिस पर खाता संख्या 110174369282,खाताधारक का नाम पवन कुमार अंकित है। उक्त खाते को NCRP पोर्टल पर मोबाइल खाता विवरण के माध्यम से चेक किया गया तो उक्त खाते से सम्बन्धित कुल 06 ऑनलाइन साइबर फ्रॉड की शिकायतें पंजीकृत पाई गईं। अलग-अलग

शिकायतों में ₹12,300 व ₹5,000, ₹5,200, ₹100, ₹13,000 व ₹6,600, ₹18,500 तथा ₹5,855 इस खाते में ट्रांसफर होना प्रदर्शित है। बरामद आधार कार्ड का अवलोकन किया गया तो उस पर नाम दिनेश कुमार (Dinesh Kumar), जन्मतिथि 06/08/1992, पुरुष, पुत्र उदयराम, ग्राम चोलापुर, वाराणसी, उत्तर प्रदेश-221002 तथा आधार संख्या 6078 XXXX 1272 अंकित है। उक्त आधार कार्ड पर फोटो अलग व्यक्ति की लगी हुई है तथा नाम दिनेश कुमार अंकित है।

3-तीसरे अभियुक्त की पहचान राहुल कुमार पुत्र मराछु निवासी बढ़वल खास थाना सकलडीहा जनपद चन्दौली उम्र 35 वर्ष के रूप में हुई। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 01 आधारकार्ड तथा 01 पासबुक उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक बरामद हुई, जिस पर खाता संख्या 84340100005123, IFSC कोड BARB0BUPGBX, खाताधारक का नाम गोविन्द (GOVIND) तथा पता सकलडीहा, चन्दौली, उत्तर प्रदेश, पिन-232109 अंकित है। उक्त खाते को NCRP पोर्टल पर मोबाइल खाता विवरण के माध्यम से चेक किया गया तो इससे सम्बन्धित कुल 04 ऑनलाइन साइबर फ्रॉड की शिकायतें पंजीकृत पाई गईं। विभिन्न शिकायतों के माध्यम से ज्ञात हुआ कि उपरोक्त खातें में ₹8,000, ₹6,500, ₹8,000 एवं ₹8,000 ट्रांसफर किया गया है। अन्य शिकायतों में भी यही खाता संख्या सम्बन्धित ट्रांजैक्शन चेन में दर्ज है। बरामद आधार कार्ड का अवलोकन किया गया तो उस पर नाम रमेश कुमार (Ramesh Kumar), जन्मतिथि 05/06/1994, पुरुष, पता राम लाल, ग्राम लखमीपुर, वाराणसी, उत्तर प्रदेश-232105 तथा आधार संख्या 8589 XXXX 6907 masked रूप में अंकित है। उक्त आधार कार्ड पर राहुल कुमार उपरोक्त की फोटो लगी हुई है परन्तु नाम रमेश कुमार अंकित है।

**<u>पूछताछ विवरण-</u>**

गिरफ्तार अभियुक्तों द्वारा पूछताछ में बताया गया कि हम लोग फर्जी आधार इसलिए बनवाये हैं ताकि कोई पकड़े तो सही नाम न पता चले।

हम लोग क्षेत्र में घूम-घूमकर भोले-भाले लोगों के बैंक खाते खुलवाते हैं तथा अपने नाम से भी भिन्न-भिन्न बैंकों में खाते खुलवाते हैं और खातों से सम्बन्धित ATM कार्ड, सिम कार्ड तथा नेट बैंकिंग आईडी पासवर्ड इकट्ठा करके सलीम चिश्ती को देते हैं। सलीम चिश्ती बार-बार अपना मोबाइल नम्बर बदलता रहता है। उसका पता हम लोग नहीं जानते हैं। हम लोग आपस में WhatsApp Call के माध्यम से बात करते थे तथा खातों से सम्बन्धित ATM कार्ड, सिम कार्ड एवं अन्य सामग्री उसे प्रयागराज जाकर देते थे। अभियुक्तों द्वारा अपने एवं अन्य व्यक्तियों के नाम से बैंक खाते खुलवाकर उनसे सम्बन्धित ATM कार्ड, सिम कार्ड एवं नेट बैंकिंग सम्बन्धी विवरण एकत्र कर सलीम चिश्ती उपरोक्त तक पहुंचाने

तथा अपनी वास्तविक पहचान छिपाने के उद्देश्य से कूटरचित एडिटेड आधार कार्ड रखने की बात बतायी गई।

विवेचना के दौरान अभियोग में धारा 319(2), 336(3), 338, 339, 3(5) बी.एन.एस. की बढ़ोत्तरी की गई है।

**गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम व पता**:

1. पवन कुमार पुत्र सीताराम, निवासी ग्राम व पोस्ट टुन्नू (धुन्नू), थाना शाहबगंज, जनपद चन्दौली (उम्र 21 वर्ष)

2. राजेश उर्फ पखण्डू पुत्र स्व. राम अवध, निवासी बढ़वल खास, थाना सकलडीहा, जनपद चन्दौली

3. राहुल कुमार पुत्र मराछु, निवासी बढ़वल खास, थाना सकलडीहा, जनपद चन्दौली (उम्र 35 वर्ष)

नोट- साइबर फ्राड में सम्मिलित अन्य अभियुक्तों की जल्द ही गिरफ्तारी की जायेगी।

**पंजीकृत अभियोग:**

- मु0अ0सं0: 0409/2026 धारा 318(4), 319(2), 336(3), 338, 339, 3(5) BNS एवं 66D IT Act थाना चन्दौली

**गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम:**

1. प्र0नि0 विन्देश्वरी प्रसाद पाण्डेय थाना व जिला चन्दौली
2. नि0 रामजीत यादव थाना व जिला चन्दौली)
3. उ0नि0 अभिषेक शुक्ला साइबर सेल जनपद चन्दौली।
4. उ0नि0 मो0 असलम शाह थाना व जिला चन्दौली
5. रि0का0 आशुतोष थाना व जिला चन्दौली
6. चालक का0 सत्यप्रकाश मौर्य थाना व जिला चन्दौली